# DAV PUBLIC SCHOOL, POKHARIPUT, BHUBANESWAR

## PERIODIC ASSESSMENT-1,2021-22

## Class IX (SET 1)

TIME: 1 Hour MAXIMUM MARKS - 40

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प छाँटकर लिखिए-

राजा दशरथ यशस्वी थे | उन्हें किसी चीज़ की कमी नहीं थी| राज सुख था | कमी होने का प्रश्न ही नहीं था |लेकिन उन्हें एक दुख था | छोटा सा दुःख | मन के एक कोने में छिपा हुआ | वह रहरहकर- उभर आता था |उन्हें सालता रहता था I उनकी कोई संतान नहीं थी | आयु लगातार बढ़ती जा रही थी | उनकी तीन रानियाँ थीं - कौशल्या , सुमित्रा और कैकेयी | रानियों के मन में भी बस यही एक दुख था | संतान की कमी | जीवन सूनासूना- लगता था | राजा दशरथ से रानियों की बातचीत प्रायः इसी विषय पर आकर रुक जाती थी | राजा दशरथ की चिंता बढ़ती जा रही थी I बहुत सोच विचार कर महाराज दशरथ ने इस संबंध में वशिष्ठ मुनि से चर्चा की। उन्हें पूरी बात विस्तार से बताई I रघुकुल के अगले उत्तराधिकारी के बारे में अपनी चिंता बताई I मुनि वशिष्ठ राजा दशरथ की चिंता समझते थे | उन्होंने दशरथ को यज्ञ करने की सलाह दी I पुत्रेष्टि यज्ञ | महर्षि ने कहा , "आप पुत्रेष्टि यज्ञ करें, महाराज | आपकी इच्छा अवश्य पूरी होगी I"

1 राजा दशरथ के दुःख का क्या कारण या?

(क) संतानहीनता

(ख) रानियों का व्यवहार

(ग) पड़ोसी राजाओं की चुनौती

(घ) धन की कमी

2 रानियों से दशरथ की बातचीत प्राय: किस विषय पर आकर रुक जाती थी?

(क) राजकाज के विषय पर

(ख) धार्मिक विषयों पर

(ग) संतान के विषय पर

(घ) आर्थिक विषयों पर

3 राजा दशरथ ने अपनी चिंता किससे व्यक्त की?

(क) अपनी रानियों से

(ख) अपने मंत्रीपरिषद से

(ग) ऋषि गण से

(घ) मुनि वशिष्ठ से

4 गुरु वशिष्ठ ने दशरथ को पुत्र प्राप्ति के लिए कौनसा- मार्ग बताया?

(क) किसी अनाथ बालक को गोद लेने का

(ख) पुत्रेष्टि यज्ञ करने का

(ग) तपस्या करने का

(घ) अन्य विवाह कर लेने का

5 उपरोक्त गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक निम्नलिखित में से कौनसा- है?

(क) राजा दशरथ

(ख) राजा दशरथ की चिंता

(ग) पुत्रेष्टि यज्ञ

(घ) उत्तराधिकारी की खोज

6 सही स्थान पर अनुस्वार कहाँ लगा है-

(क) कांठमाडू

(ख) संसर्ग

(ग) सुदंर

(घ) रगीनं

7 सही स्थान पर अनुनासिक कहाँ लगा है-

(क) पांचवी

(ख) पाँचविं

(ग) पांचवीं

(घ) पाँचवीं

8 'अवरोही' में मूल शब्द और प्रत्यय क्या है?

(क) अव, रोही

(ख) अवरोहण, इत

(ग)  अवरोहण, ई

(घ) अवरोहण, एत

9 'अनु' उपसर्ग से बना हुआ शब्द इनमें से कौन सा नहीं है-

(क) अनुकूल

(ख) अनुस्वार

(ग) अनुपमा

(घ) अनुनासिक

10 पोशाक का पर्यायवाची इनमें से कौन सा नहीं है चुनिएः-

(क) वस्त्र

(ख)  कपड़े

(ग) वसन

(घ) बदन

11 'अंतरंग' का पर्यायवाची इनमें से कौन सा नहीं है-

(क) अतिथि

(ख) आत्मीय

(ग) गहरा

(घ) घनिष्ठ

12 'विख्यात' का विलोम शब्द चुनिए:-

(क) कुख्यात

(ख्) अख्यात

(ग) अविख्यात

(घ) सुख्यात

13 'बेचैनी' में प्रत्यय क्या है ?

(क) नी

(ख) चैनी

(ग) ई

(घ) नि

14 'अधिकार' में उपसर्ग क्या है?

(क) अ

(ख) अधि

(ग)आ

(घ) अध

15 'निश्चित' का विलोम शब्द क्या है?

(क) अनिश्चित

(ख) सुनिश्चित

(ग)अन्ननिश्चित

(घ) अधनिश्चि

16.रैदास का दूसरा नाम क्या था?

(क) रविदास

(ख) कालिदास

(ग) हरिदास

(घ) रहिमन

17.रैदास की भक्ति में किस भाव की प्रधानता है ?

(क) प्रेम भाव

(ख) भक्ति भाव

(ग) दास्य भाव

(घ) आग्रह का भाव

18.निम्न कोटि के लोगो को भगवान कैसे तारते है ?

(क) अचल संपति देकर

(ख) समाज में सम्मान स्थान दिलवाकर(ऊँचा)

(ग) धनदौलत देकर-

(घ) दुश्मन बनाकर

19.' लाल ' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(क) स्वामी के लिए

(ख) लाडले के लिए

(ग) भक्त के लिए

(घ) बेटे के लिए

20.भक्त के अंग -अंग में किसकी सुगंध समाई हुई है ?

(क) चंदन की

(ख) पानी की

(ग) प्रभु प्रेम की

(घ) उपर्युक्त सभी

21.गरीब निवाजु का क्या अर्थ है ?

(क) दीनदुखियों पर दया करने वाला-

(ख) भक्तो के साथ बुरा व्यवहार करने वाला

(ग) अमीरों की सहायता करने वाला

(घ) ऊँचे वर्ग के लोगो को समाज में और ऊँचा स्थान दिलवाने वाला

22.' माथे छत्रु धरे ' का क्या आशय है ?

(क) समाज में राजाओ जैसा सम्मान दिलवाना

(ख) गरीब निवाजु बनाना

(ग) धनदौलत दिलवाना-

(घ) माथे छत्र धरना

23.रैदास के पदों का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(क) सोनेसुहागे के महत्त्व को बताना-

(ख) दीपक और बाती के संबंध को उजागर करना

(ग) चंदन और पानी का गुणगान करना

(घ) ईश्वर और भक्त के संबंध को उजागर करना

**24.**मनुष्य की पोशाक के क्या कार्य करती है?

(क) उन्हें प्रतिष्ठित बनाती है
(ख) उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं
(ग) भेदभाव को कम करती हैं
(घ) भाईचारे को बढ़ाती हैं
**25.** पोशाक हमारे लिए बंधन और अड़चन कब बन जाती है ?
(क) जब हम दूसरों से आगे बढ़ना चाहते हैं
(ख) जब हम किसी समारोह में जाते हैं
(ग) जब हम अपने से निकली श्रेणियों की अनुभूति को समझना चाहते हैं
(घ) जब हम विद्यालय में पढ़ने जाते हैं

**26**.पोशाक की तुलना किससे की गई है ?

(क) धन से
(ख)अहंकार से
(ग) कटी पतंग से
(घ) बंद दरवाजे से
**27**.खरबूजे बेचने वाले से कोई खरबूजे क्यों नहीं ले रहा था?
(क) उसके खरबूजे अच्छे नहीं थे
(ख) उसके दाम बहुत अधिक थे
(ग) पुत्र की मृत्यु के कारण को उसके घर में अभी भी सूतक था
(घ) इनमें से कोई नहीं

**28.**भगवाना अपने परिवार का निर्वाह कैसे करता था?

(क) कछियारी करके
(ख) परचून की दुकान से
(ग) मजदूरी करके
(घ) फेरी लगाकर कपड़ा बेचने से
**29**.लड़के की मृत्यु के दूसरे दिन ही बुढ़िया खरबूजे बेचने क्यों चल दी ?
(क) उसके घर में खाने को कुछ नहीं था ।

(ख) उसके पोता पोती भूख से बिलबिला रहे थे।

(ग) उसकी बहू बुखार से तप रही थी।

(घ) उपर्युक्त सभी कथन सत्य है।

**30.** कहानी में लोगों ने किसे 'पत्थर दिल' कहा है **?**

(क) लेखक को

(ख) बुढ़िया को

(ग) भगवाना को

(घ) पड़ोसिन को

**31.** संभ्रांत महिला की पुत्र की मृत्यु के बाद कैसी दशा थी**?**

(क) पंद्रहपंद्रह- मिनट बाद पुत्रवियोग- से उसे मूर्छा आ जाती थी

(ख) पुत्र के शोक में वह महिला ढ़ाई महीने बिस्तर से उठ नहीं पाई थी।

(ग) दो-दो डॉक्टर हरदम सिरहाने बैठे रहते थे।

(घ) उपर्युक्त सभी कथन सत्य है।

**32.** लेखक के अनुसार बुढ़िया को कोई क्यों उधार नहीं देता **?**

(क) वह गरीब थी

(ख) उसका पति नहीं था

(ग) उसके बेटे की मृत्यु हो गई थी

(घ) इनमे से कोई नहीं

**33.** दुख का अधिकार कहानी में लेखक क्या बताना चाहता है?

(क) शोक करने, गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए।

(ख) गरीब आदमी को दुख की अनुभूति कम होती है।

(ग) गरीब आदमी को दुख व्यक्त करने का अधिकार नहीं है।

(घ) दुख की अनुभूति सब के सामने प्रकट नहीं करनी चहिए ।

34. लेखिका ने कौवों को अनोखा पक्षी क्यों कहा है?

(क) छोटे जीवों को परेशान करने के कारण

(ख) एक साथ समादरित अनादरित होने के कारण

(ग) काँव-काँव करने के कारण

(घ) इनमें से कोई नहीं

35. हमारे बेचारे पुरखों को पितरपक्ष में हमसे कुछ पाने के लिए क्या बनकर प्रकट होना पड़ता है?

(क) गरुड़ के रूप में

(ख) मयूर के रूप में

(ग) हंस के रूप में

(घ) कौवे के रूप में

36. लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था?

(क) खिड़की से बाहर चला जाता था

(ख) अपने घर को जोर जोर से झुलाता था

(ग) लेखिका के पैर तक आता और तेज़ी से परदे पर चढ़ जाता और फिर उसी तेज़ी से उतर जाता था

(घ) इनमें से कोई नहीं

37. गिल्लू को जाली के पास बैठकर अपनेपन से बाहर झाँकते देखकर लेखिका ने क्या किया?

(क) खिड़की बंद कर दी

(ख) जाली की कीलें निकालकर जाली का एक कोना खोल दिया

(ग) कुछ नहीं किया

(घ) खिड़की पर परदे लगा दिए

38. यदि कई दिन तक गिल्लू को काजू नहीं दिया जाता था तो वह क्या करता था?

(क) खाना नहीं खाता था

(ख) रूठ जाता था

(ग) अन्य खाने की चीजें या तो लेना बंद कर देता था या झूले से नीचे फेंक देता था

(घ) बाहर चला जाता था

39. जब गिल्लू लेखिका के सिरहाने से हटता तो लेखिका को कैसा लगता था?

(क) लेखिका को ऐसा लगता था जैसे कोई अपना चला गया हो

(ख) लेखिका को बुरा लगता था

(ग) लेखिका को अच्छा लगता था

(घ) जैसे उसकी कोई सेविका उससे दूर चली गई हो

40. लेखिका को कैसे लगा कि गिल्लू का अंतिम समय निकट है?

(क) क्योंकि वह उछल-कूद नहीं कर रहा था

(ख) क्योंकि उसने कुछ खाया-पिया नहीं था

(ग) क्योंकि वह कही बाहर भी नहीं गया था

(घ) उपरोक्त सभी

****************************